बुल्डोजर एक्शन ▶ बुढ़ार चौक में गरजा बुलडोजर, मलबे में दबा मकान मालिक, भड़का आक्रोश किया गया पथराव

# मॉडल रोड के नाम पर मचा कोहराम



**नवभारत, शहडोल।** शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल बुढ़ार चौक से न्यू बस स्टैंड तक प्रस्तावित मॉडल रोड निर्माण के लिए रविवार को प्रशासन का बुलडोजर गरजा तो पूरे क्षेत्र में हाहाकार मच गया। सुबह से ही 5 से 7 जेसीबी मशीनें ताबड़तोड़ तरीके से सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकानों, दुकानों, शेड और चबूतरों को ध्वस्त करने में जुट गईं। वर्षों की मेहनत और जीवनभर की कमाई से खड़े किए गए आशियाने लोगों की आंखों के सामने मलबे में तब्दील होते रहे और प्रभावित परिवारों की आंखों से आंसू बहते रहे। प्रशासन द्वारा पूर्व में चिन्हांकन और नोटिस जारी किए जाने के बाद रविवार सुबह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई, लेकिन कार्रवाई शुरू होते ही मौके पर तनाव और अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

### छज्जा गिरने से मकान मालिक घायल

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान बड़ेरिया टाइल्स के समीप एक मकान का हिस्सा अचानक ढह गया, जिसकी चपेट में आने से मकान मालिक घायल हो गया।घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद परिजनों और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश फैल गया। नाराज लोगों ने विरोध स्वरूप जेसीबी मशीनों पर पथराव कर दिया। घटना के बाद मौके पर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई, इसके बाद तोड़-फोड़ की कार्यवाही भी बंद कर दी गई। लोगों ने कहा सीएमओ बदसलूकी करते हुए कहा गिरा दो मरने दो सालों को और जेसीबी ने छज्जा गिराया जो कि मकान मालिक के ऊपर गिरा। जिसके बाद लोगों में आक्रोश देखते हुए सीएमओ मौके से फरार हो गए।

### गरीबों पर बुलडोजर रसूखदारों को राहत

कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने नपाई और चिन्हांकन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए। लोगों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली और रसूखदार लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नापजोख में गड़बड़ी की जा रही है तथा चुनिंदा दुकानों और मकानों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है तो नियम सबके लिए समान होना चाहिए। सड़क की जद में आने वाले सभी निर्माणों पर एक समान कार्रवाई होनी चाहिए, न कि प्रभाव और पहुंच के आधार पर राहत दी जाए। रविवार को बुढ़ार चौक में जो दृश्य दिखाई दिए, उन्होंने लोगों को कोई मरे, कोई मल्हार गाए वाली कहावत याद दिला दी। एक ओर प्रशासनिक अमला मशीनों के साथ कार्रवाई में जुटा रहा, वहीं दूसरी ओर प्रभावित परिवार अपने टूटते आशियानों को देखकर बिलखते रहे।

### मानसून में कार्रवाई पर उठे सवाल

प्रभावित मकान और दुकान मालिकों का कहना है कि इस समय मानसून पूरी तरह सक्रिय है और लगातार बारिश हो रही है। ऐसे मौसम में किसी भी स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण को तोड़ना और पुनर्निर्माण कराना तकनीकी तथा व्यावहारिक रूप से बेहद कठिन है।व्यापारियों का कहना है कि सीमेंट-कंक्रीट का कार्य बारिश के मौसम में संभव नहीं है। यदि मकानों और दुकानों के सामने के हिस्से तोड़ दिए गए तो बारिश का पानी सीधे घरों और प्रतिष्ठानों के भीतर प्रवेश करेगा, जिससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

### विकास का स्वागत, आर्थिक नुकसान की दोहरी मार

नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए संबंधित मकान और दुकान मालिक स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्रभावित लोगों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना पर्याप्त समय और वैकल्पिक व्यवस्था के इस तरह की कार्रवाई से मध्यमवर्गीय परिवारों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

### 24 घंटे का अल्टीमेटम, रोजी-रोटी पर संकट

प्रभावित व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें महज 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए। बुढ़ार चौक से बलपुरवा मार्ग शहर का प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र है, जहां वर्षों से सैकड़ों छोटे व्यापारी, गुमटी संचालक और दुकानदार अपनी जीविका चला रहे हैं। अचानक हुई इस कार्रवाई से व्यापार पूरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। व्यापारियों का कहना है कि पहले से बाजार मंदी की मार झेल रहा है, ऊपर से बारिश के मौसम में दुकानें टूटने से परिवार चलाना भी मुश्किल हो जाएगा।

# 54 लाख की लागत से हो रहा दुर्गा सागर तालाब सौंदर्यीकरण

▶ गुणवत्ता पर उठे सवाल
घटिया सामग्री के उपयोग और मानकों की अनदेखी के आरोप



**नवभारत,जयसिंहनगर।** नगर परिषद जयसिंहनगर के वार्ड क्रमांक-7 स्थित दुर्गा सागर तालाब के सौंदर्यीकरण, गहरीकरण, पिचिंग एवं घाट निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। लगभग 54 लाख रुपये की लागत से कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग तथा गुणवत्ता विहीन निर्माण किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, शासन द्वारा तालाब के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य के लिए विधिवत निविदा प्रक्रिया के माध्यम से ठेकेदार का चयन किया गया था। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। पिचिंग कार्य में उपयोग किए जा रहे पत्थरों की गुणवत्ता एवं आकार को लेकर भी आपत्ति जताई जा रही है।

नागरिकों का कहना है कि घाट निर्माण कार्य में भी तकनीकी मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे भविष्य में निर्माण कार्य की स्थायित्व पर प्रश्नचिह्न खड़े हो सकते हैं। लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की समय रहते जांच नहीं की गई तो बारिश के दौरान निर्माण को नुकसान पहुंच सकता है।स्थानीय लोगों ने नगर परिषद क्षेत्र में पूर्व में कराए गए कुछ निर्माण कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि कई सीसी सड़कें एवं अन्य निर्माण कार्य अल्प समय में ही क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। वार्ड क्रमांक-9 सहित अन्य क्षेत्रों में निर्मित सड़कों की स्थिति को लेकर भी लोगों ने नाराजगी जताई है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि दुर्गा सागर तालाब के निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग किए जाने की भी मांग की गई है।गौरतलब है कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग एवं प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

# जाम की समस्या से कोयलांचल वासी त्रस्त



**नवभारत धनपुरी।** कोयलाँचल छेत्र न. 3 सुभाष चौक मे जाम की समस्या कोई नई नही काफी पुरानी है तीन नंबर कोयलांचल क्षेत्र में सुभाष तिराहे का पास का वृहद जाम इन दोनो प्रमुख स्थानों पर आए दिन कई बार व्यापक जाम लगता है जिससे आवागमन अवरुद्ध होने के साथ साथ दुर्घटना की भी प्रबल संभावना बनी रहती है कोयलांचल स्थित शहीद सुभाष चंद्र बोस स्मारक तिराहे पर कोयले से लदे बड़े ट्रेलर बेरोकटोक और संवेदनहीनता की सारी हदें पार करके धमाचौकड़ी करते हुए निकलते हैं जिससे उस तिराहे से आवागमन करने वाले दो पहिया वाहन चालकों एवं चार पहिया वाहन चालकों के साथ साथ पैदल चलने वालों को भी भारी मुश्किलों समस्याओं का सामना करना पड़ता है और आए दिन आम नागरिकों को जान अपनी जोखिम में डालनी पड़ती है बड़े ट्रेलरों की आवाजाही और अनियांत्रिक यातायात व्यवस्था की वजह से किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है जिसकी संपूर्ण जवाबदेही एसईसीएल की होगी इसके अलावा केंद्रीय चिकित्सालय जाने का भी यही मुख्य मार्ग है जिससे गंभीर अवस्था मे आने वाले मरीज भी जाम मे फस जाते है जो बेहद ही संवेदनशील मामला नागरिकों राहगीरों एवं स्थानीय निवासियों का कहना है की बड़े वाहनों के कारण वृहद स्तर पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और उसके साथ साथ बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ।

### निस्वार्थ समाज सेवा संगठन द्वारा किया जाएगा वृहद पौधरोपण

**नवभारत धनपुरी।** धनपुरी नगर की सर्वमान्य समाजसेवी संस्था जिसने अपने कार्यों से सदैव सभी को प्रेरित किया है निस्वार्थ समाज सेवा संगठन धनपुरी के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सूची में एक और वृहद और पर्यावरण संरक्षण का कार्य जुड़ने जा रहा है 29 जून को धनपुरी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर धनपुरी में निस्वार्थ समाज सेवा संगठन के द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसकी संपूर्ण रूप रेखा बना ली गई है संपूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा कार्यक्रम संयोजक योगेंद्र मेहरा के नेतृत्व में तैयार की गई है ।

# चेतावनी के बावजूद बांध में नहाने गया युवक डूबा,मौत

▶ इसी बांध में पिछले महीने युवक की डूबने से हुई थी मौत



**नवभारत, शहडोल।** जिले में प्रतिबंधित एवं संवेदनशील जलाशयों में नहाने के दौरान होने वाले हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला गोहपारू थाना क्षेत्र के सोन टोला स्थित जल संसाधन विभाग के वाटर प्लांट का है, जहां दोस्तों के साथ नहाने गए एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। एसडीईआरएफकी टीम ने रविवार सुबह रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक का शव बाहर निकाला। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोन टोला स्थित सोन नदी पर जल संसाधन विभाग द्वारा जल शोधन के लिए वाटर प्लांट का निर्माण किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से इस परिसर में आम लोगों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। परिसर के बाहर चेतावनी संबंधी बोर्ड भी लगाए गए हैं तथा निगरानी के लिए चौकीदार की तैनाती की गई है। इसके बावजूद लोग नियमों की अनदेखी करते हुए परिसर में प्रवेश कर रहे हैं। बताया गया है कि धनपुरी थाना क्षेत्र के बम्होरी निवासी 21 वर्षीय आयुष प्रजापति शनिवार दोपहर अपने कुछ साथियों के साथ वाटर प्लांट में नहाने पहुंचा था। नहाने के दौरान वह गहरे पानी की ओर चला गया और देखते ही देखते डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही गोहपारू पुलिस मौके पर पहुंची तथा एसडीईआरएफटीम को सूचना दी गई।

शनिवार शाम तक युवक की तलाश की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू अभियान स्थगित करना पड़ा। रविवार सुबह पुन: शुरू किए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान एसडीईआरएफकी टीम ने युवक का शव पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि इसी वाटर प्लांट में बीते एक माह के भीतर डूबने से मौत का यह दूसरा मामला है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की लापरवाही पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करने के संबंध में समय-समय पर समझाइश दी जाती है।

# स्वास्थ्य के प्रति एसईसीएल की प्रतिबद्धता

▶ अटरिया में ग्रामीणों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**नवभारत, धनपुरी ।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के सोहागपुर क्षेत्र द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) एवं सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए ग्राम अटरिया के परियोजना प्रभावित परिवारों (पीएपी) के लिए साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके निवास क्षेत्र के समीप बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ रक्तचाप, मधुमेह (शुगर), बुखार, मौसमी बीमारियों एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। जांच के उपरांत चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया तथा जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित व्यायाम करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि समय पर जांच एवं उपचार से अनेक गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र के अधिकारियों ने कहा कि कंपनी केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने आसपास के समुदायों के समग्र विकास एवं कल्याण के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। परियोजना प्रभावित परिवारों के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए नियमित अंतराल पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उनके गांव के निकट ही उपलब्ध हो सकें और उन्हें उपचार के लिए दूरस्थ क्षेत्रों का रुख न करना पड़े।

### कांग्रेस संगठन की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन

**नवभारत,बुढार।** खैरहा जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के अध्यक्ष श्री अजय अवस्थी के अनुमोदन उपरांत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खैरहा के ब्लॉक स्तरीय कार्यकारणी, एवं विशेष आमंत्रित सम्मानित सदस्यगणों व पंचायत कमेटी की घोषणा की गई है इस घोषणा के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है जिला संगठन के अध्यक्ष श्री अजय अवस्थी ने यह नवीन कार्यकारिणी को घोषणा की है ज्ञात हो की आगामी निकाय पंचायत और उसके बाद होने वाले विधानसभा चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस संगठन लगातार सक्रिय भूमिका में नजर आते हुए दिखाई दे रहा है और लगातार संगठनात्मक नियुक्तियों का क्रम अनवरत जारी है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में जिन नवीन दायित्वों का सृजन कर उनकी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है ।

# सोहागपुर क्षेत्र में 10 भू-आश्रितों को मिले नियुक्ति पत्र

▶ महाप्रबंधक ने सौंपे नियुक्ति पत्र




**नवभारत,धनपुरी।** स्थानीय विस्थापित एवं भू-आश्रित परिवारों के पुनर्वास तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शनिवार को आयोजित गरिमामय समारोह में ग्राम रामपुर एवं खैरहा के 10 भू-आश्रित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर महाप्रबंधक बी के जेना , सोहागपुर क्षेत्र ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (ऑपरेशन) मनीष श्रीवास्तव उप क्षेत्रीय प्रबंधक हरी बाबू सहित सोहागपुर क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नौकरी केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और सेवा का अवसर भी है। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए संस्था की प्रगति में सक्रिय योगदान देंगे। समारोह को संबोधित करते हुए बी के जेना सोहागपुर क्षेत्र ने कहा कि कंपनी स्थानीय समुदाय के समग्र विकास, विस्थापित एवं भू-आश्रित परिवारों के पुनर्वास तथा क्षेत्रीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कंपनी का उद्देश्य केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए स्थानीय लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। इसी सोच के तहत पात्र भू-आश्रित परिवारों के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।



## हम सबका यहीं सपना, नशा मुक्त हो देश अपना

▶ नशा निवारण दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत, शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सुश्री प्रज्ञा मरावी के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न ग्रामों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में ग्राम विचारपुर, जोधपुर सहित अन्य स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं एवं किशोरों को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी देना था। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने प्रभावी अभिनय प्रस्तुत करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज की खुशियों को भी छीन लेता है। नाटक के दौरान कलाकारों ने ष्हम सबका है यही सपना, नशा मुक्त हो देश अपनाष्, ष्नशा नाश की जड़ है भाई, इससे दूर रहो मेरे भाईष् तथा ष्तन, मन, धन करते बर्बाद, बीड़ी, सिगरेट और शराबष् जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही यह भी बताया गया कि नशा छोड़कर ही स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध जीवन की कल्पना की जा सकती है। स्थानीय कलाकार लकी चतुर्वेदी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक को ग्रामीणों ने काफी सराहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और उन्होंने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना सहयोग देने का संकल्प लिया।सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आयोजित इस जनजागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के साथ ही स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

